इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

इंडियन बैंक और यूपीएसआरटीसी के बीच समझौता ज्ञापन का विनिमय

लखनऊ, 2 दिसंबर 2024: इंडियन बैंक ने यूपीएसआरटीसी कर्मचारियों हेतु कस्टमाइज्ड कॉर्पोरेट सैलरी पैकेज सॉल्यूशन प्रदान करने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। प्रदेश के परिवहन मंत्री श्री दया शंकर सिंह, इंडियन बैंक के कार्यपालक निदेशक श्री ब्रजेश कुमार सिंह और यूपीएसआरटीसी के एमडी श्री मासूम अली सरवर की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव श्री वेंकटेश्वर लू, विशेष सचिव-परिवहन, श्री के.पी. सिंह, यूपीएसआरटीसी, वित्त नियंत्रक श्री अजय जौहरी और यूपीएसआरटीसी के अपर एमडी श्री राम सिंह वर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। साथ ही, इंडियन बैंक के मुख्य महाप्रबंधक श्री सुधीर कुमार गुप्ता, श्री सुधांशु गौड़ (एफजीएम-इंडियन बैंक-मेरठ) और श्री नवीन कुमार श्रीवास्तव (एफजीएम-इंडियन बैंक-इलाहाबाद) भी उपस्थित थे।

इस समझौता ज्ञापन के तहत यूपीएसआरटीसी कर्मचारियों को ₹1 करोड़ तक का बीमा कवर, निःशुल्क सेवाएं, लाउंज एक्सेस के साथ एटीएम कार्ड और अन्य विशेष सेवाओं जैसे लाभ प्रदान किए गए हैं। इंडियन बैंक, इसी तरह की डिजिटल सेवाएं अन्य सरकारी विभागों को भी प्रदान करने की योजना बना रहा है। बैंक ने प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ मेला 2025 में महिला तीर्थयात्रियों के लिए 600 अस्थायी चेंजिंग रूम की स्थापना के लिए भी सहयोग दिया है।
उक्त कार्यक्रम के दौरान, राज्य परिवहन मंत्री द्वारा डिजिटल रूप से बांदा, हमीरपुर और महोबा बस डिपो में तीन एटीएम की आधारशिला रखी गई।

इंडियन बैंक, पूरे उत्तर प्रदेश में 1081 शाखाएं, 536 एटीएम, 4343 बीसी केन्द्र और 6469 टच प्वाइंट परिचालित करता है, तथा ग्राहकों की आवश्यकताओं को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए अधिकाधिक डिजिटल उत्पाद पेश करने की योजना बना रहा है।